an>

Title: Need to expedite construction of Dobra-Chanti bridge in Tehri district, Uttarakhand.

श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह (टिहरी गढ़वाल)ः मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र टिहरी गढ़वाल (उत्तराखंड) की ओर दिलाना चाहती हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत टिहरी डैम की झील के प्रतापनगर, जाखनीधार, धनशाली व उत्तरकाशी के कुछ क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों-नागरिकों को सुविधा देने के लिए प्रस्तावित आधुनिक तकनीक पर आधारित "डोबरा चॉटी " पुल के निर्माण के लिए 2006 में प्रथम निविदा जारी की गई थी। प्रस्तावित परियोजना 90 करोड़ की लागत राशि शुरू हुई जो अब काफी बढ़ने की संभावना है। टीएचडीसी ने डोबरा चॉटी पुल के निर्माण के लिए अभी तक 132 करोड़ का भुगतान कम्पनी को कर दिया है। पिछले दस वर्षों में एक अरब रुपए से ज्यादा खर्च होने के बावजूद अभी भी पुल डिजाइन परीक्षण के दौर में ही है। अभी तक अंतिम निर्णय न होने से निर्माण कार्य में कोई प्रगति नहीं हो रही है। इस दौरान निर्माण कार्य में कई तरह की अनियमितताओं की बात सामने आई है। जिम्मेदार अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। प्रतापनगर क्षेत्र के पूर्व विधायक कई लोगों के साथ पिछले 4-5 महीनों से धरने पर बैठे हैं।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त परिस्थितियों को देखते हुए पुल निर्माण स्थल पर ऊर्जा मंत्रालय से एक समिति भेजी जाए जो प्रभावित क्षेत्र के दो लाख से अधिक लोगों की समस्याओं को देखते हुए मानवता के आधार पर पुल निर्माण कार्य को शीघ्र आरंभ किया जाए और स्थानीय लोगों के लिए 24 घंटे नःशुल्क मोटरबोट सुविधा उपलब्ध कराई जाए।